हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 7 मार्च 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 आवल्दा-चारिया मार्ग निर्माण में अनियमितताओं के आरोप, घटिया...



07 कुष्ठ रोगी खोजी अभियान 9 से 23 मार्च तक चलेगा



## नगर में वर्षों से चली आ रही है अनूठी परंपरा, फूलों के साथ खेली होली

# भक्त के घर होली खेलने पहुंचे भगवान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में वर्षों से अनूठी परंपरा चली आ रही है। इसके तहत भगवान श्री बांकेबिहारी अपने विमान (डोल) में विराजित हो कर मंदिर से गाजे-बाजे व भक्तों के साथ अपने भक्त के घर धुलंडी की रात्रि को होली खेलने पहुंचे। जहां भक्तों द्वारा ठाकुर जी के साथ बडे ही हर्षोल्लास व उमंग के साथ फूलों व रंगों से होली खेली गई। स्थानीय नाना बाजार स्थित नामदेव समाज के राधाकृष्ण मंदिर से प्राचीन परंपरा अनुसार बुधवार रात्रि 8 बजे भगवान बांके बिहारी (ठाकुर जी) सुसज्जित विमान में विराजित हो गाजे -बाजे के साथ जुलुस के रूप में निकले। जुलुस मार्ग पर अशोक मार्ग में स्थित श्रीराम मंदिर सेन समाज द्वारा ठाकुर जी की अगवानी कर जुलुस में शामिल भक्तों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात भगवान का यह जुलुस भजन-कीर्तन करते हुए चौक बाजार होते हुए पांडिया कॉलोनी स्थित पालीवाल परिवार के निवास स्थान पर पहुंचा। जहां पर परिवार के साथ नगरवासियों व भक्तों द्वारा ठाकुर जी के साथ फूलों व गुलाल से होली खेलकर फाग उत्सव मनाया गया। इस दौरान नगर व आसपास के ग्रामों सहित आगर सोयत मोड़ी पिड़ावा एवं मुंबई से भी ठाकुर जी के संग होली खेलने भक्त पहुंचे। यहाँ रात भर भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चला। भजनों पर भक्त रात भर थिरकते रहे। यहाँ से गुरुवार प्रातः ठाकुर जी पुनः अपने विमान में विराजित होकर मंदिर पहुंचे।








## आचार्य श्री नवरत्न सागर सूरीश्वरजी के जन्मोत्सव पर जीव दया के कार्य किए

**नलखेड़ा।** मालवा भूषण, चारित्र चक्रवर्ती, तपसम्राट,मालवा के भगवान आचार्य भगवन्त नवरत्नसागर सूरीश्वरजी महाराजा के 83 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष में नवरत्न परिवार शाखा नलखेड़ा द्वारा जीव दया के कार्य किए गये। जन जन की आस्था के केंद्र,मालव भूषण,तप सम्राट,परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री नवरत्न सागर सुरीश्वर जी महाराज सा. के 83 वां जन्मोत्सव पर गुरु नवरत्न कृपा प्राप्त,युवा हृदय सम्राट,परम पूज्य आचार्य श्री विश्वरत्न सागर सुरीश्वर जी महाराज सा. की प्रेरणा से नवरत्न परिवार के प्रशांत सकलेचा, प्रदेश महासचिव राकेश दुग्गड़, अध्यक्ष राहुल काठेड़, जितेंद्र सकलेचा, रवि सकलेचा, अखिलेश सकलेचा, विनोद नारेलिया, राजेश नारेलिया, सुबोध सकलेचा,




आदि सदस्यों द्वारा गुरुदेव के 83 वां जन्मोत्सव पर नगर में विचरण कर रही गायों के साथ गोपाल गोशाला में जीवदया करते हुवे हरा चारा, गुड़, सब्जी आदि सामग्री खिलाई गई। वहीं पक्षियों के लिए गर्मी के दिनों में पेयजल के लिए मिट्टी के सरोखे का वितरण भी किया गया।

### रंग पंचमी पर निकलेगी भव्य राधाकृष्ण फाग यात्रा

**नलखेड़ा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में हिन्दू उत्सव समिति द्वारा रंग पंचमी पर भव्य श्री राधाकृष्ण फाग यात्रा निकाली जाएगी। रविवार को रंग पंचमी के अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति द्वारा प्रातः 10 बजे से स्थानीय सरदार पटेल चौराहे से एक भव्य श्री राधाकृष्ण फाग यात्रा निकाली जावेगी। फाग यात्रा में सम्पूर्ण नगर के नागरिक शामिल रहेंगे जो रंगों से सरोबार रहेंगे। फाग यात्रा में बैंड ढोल ढमाकों के साथ गुलाल उड़ाते कम्प्रेशर भी शामिल रहेंगे। फाग यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई चौक बाजार में पहुंचेगी जहां समापन होगा।

## कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंधात्मक आदेश किए जारी

**नलखेड़ा।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिला आगर-मालवा की संपूर्ण राजस्व सीमा में रबी फसल, विशेष रूप से गेहूं की कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष (नरवाई) जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के अनुसार खेतों में फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषण एवं जन स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव तथा जीव-जन्तुओं की सुरक्षा के दृष्टिगतयह प्रतिबंध लगाया गया है। फसल कटाई के पश्चात खेतों में फसल अवशेष जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। हार्वेस्टर मशीन संचालकों को यह अनिवार्य होगा कि वे हार्वेस्टर मशीन के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगाकर ही फसल कटाई करें तथा खेत पर ही अवशेषों को भूसा बनाकर निपटान करें। जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले हार्वेस्टर में यदि स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम नहीं पाया जाता है तो क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगी हार्वेस्टर मशीन से फसल कटाई किए जाने की स्थिति में स्ट्रा रीपर से भूसा बनवाना अनिवार्य होगा। अन्यथा भूमि मालिक एवं हार्वेस्टर मशीन संचालक दोनों पर 5-5 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा। इसके साथ ही हार्वेस्टर मशीन संचालकों को मशीन का प्रकार, वाहन नंबर, स्वामी का नाम, संपर्क नंबर एवं कार्य क्षेत्र की जानकारी संबंधित थाने में दर्ज कराना भी अनिवार्य किया गया है। पर्यावरण विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार खेतों में नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि भी निर्धारित की गई है। जिसमें 2 एकड़ से कम भूमि पर अवशेष जलाने पर 2500 प्रति घटना, 2 से 5 एकड़ भूमि पर अवशेष जलाने पर 5000 प्रति घटना, 5 एकड़ से अधिक भूमि पर अवशेष जलाने पर 15000 प्रति घटना क्षतिपूर्ति राशि वसूली जाएगी। आदेश आगामी दो माह तक प्रभावी रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**नलखेड़ा।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च 2026 है। जिले के कृषकों से अनुरोध है कि जिन किसानों द्वारा अभी तक वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु पंजीयन नहीं कराया गया है, वे निर्धारित अंतिम तिथि 07 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन करा लें। जिले के कृषक अपना पंजीयन, निर्धारित पंजीयन केन्द्र सहकारी समितियां एवं सहकारी विपणन संस्थाएं, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, निजी साइबर कैफे एवं किसान एप के माध्यम से करवा सकते है।

## कानड़ में जल्द ही कॉलेज की भी शुरूआत होगीः विधायक

शा. कन्या माध्यमिक विद्यालय में 70 लाख के निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**महाविद्यालय में छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

नगर के शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को अतिरिक्त कक्ष एवं लेब निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यालय को अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला निर्माण के लिए कुल 70 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है, जिससे छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मधु गेहलोत रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने की। इस अवसर पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, मंडल अध्यक्ष अंतरसिंह सिंह दौलतपुर, जिला मंत्री कविता शर्मा, भूपेंद्र सिंह दरबार, पार्षद विजयलक्ष्मी माली, जनपद सदस्य सुंदरलाल यादव, दिनेश अंकल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक मधु गेहलोत का स्वागत प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ओम मालवीय का स्वागत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहे हैं और इसी क्रम में विद्यालय के लिए राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रयोगशाला में सीखकर वे नगर, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और भारत शांति व भाईचारे का संदेश देने वाला देश हे। जहां सभी समुदाय मिल-जुलकर त्योहार मनाते हैं।विधायक मधु गेहलोत ने कहा कि कानड़ में जल्द ही कॉलेज की शुरूआत भी होगी इसको लेकर हम प्रयासरत है ताकि क्षेत्र में शिक्षा का स्तर और बेहतर हो सके। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि क्षेत्र के 11 छात्र और 11 छात्राओं, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें इंदौर के अच्छे संस्थान में एमपीपीएससी और यूपीएससी की तैयारी कराने में सहयोग दिया जाएगा। पढ़ाई का खर्च वे वहन करेंगी, जबकि भोजन ओर अन्य की व्यवस्था अभिभावकों को करनी होगी। इसके लिए विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यालय का स्टाफ, छात्राएं एवं नगर के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### प्रधान डाकघर ने की पार्सल पिकअप व बुकिंग की सुविधा प्रारंभ

**सीहोर।** नागरिकगणों की सुविधा को और सुलभ बनाने के लिये सीहोर प्रधान डाकघर में पार्सल पिकअप और बुकिंग सेवा प्रारम्भ की गई है। जिसका सीधा लाभ सीहोर शहर के आम जनों को होगा जो भारी मात्रा में पार्सल बाहर भेजते हैं । इस अवसर पर सीहोर प्रधान डाकघर स्तर पर पार्सल कस्टमर / बीएनपीएल कस्टमर और प्रधान डाकघर स्टाफ की मीटिंग ली गई। पोस्टमैन स्टाफ को अपने कार्यक्षेत्र में आने वाले पार्सल कस्टमर से व्यवसाय प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नये ग्राहक नूरी क्रिएशन इंग्लिशपुरा सीहोर से 15 पार्सल एमइ द्वारा उनके संस्थान से प्राप्त किये गये। इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर एम एल मालवीय सहायक अधीक्षक डाकघर अश्वनी कुमार आदि रहे मौजूद।

### रंगपंचमी पर जिले में शुष्क दिवस घोषित

**नलखेड़ा।** रंगपंचमी के त्यौहार पर लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाएं रखने हेतु कलेक्टर प्रीति यादव ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24(1) तथा मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक-47, 14 फरवरी 2025 की कंडिका 48.1 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 07 मार्च की रात्रि 11.30 बजे से 08 मार्च को सायं 04.00 बजे तक शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं वाईन शॉप आउटलेट पूर्णतः बंद रहेगी और मदिरा का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।

### बैठक में भक्तों से मांगे गए सुझाव

## नवरात्रि पर्व की तैयारी को लेकर मां बगलामुखी मंदिर पर बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आगामी चैत्र नवरात्रि महापर्व की तैयारी को लेकर प्रशासन द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। शुक्रवार सायं विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर संयुक्त कलेक्टर कमल मंडलोई एसडीओपी देवनारायण यादव तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव थाना प्रभारी नागेश यादव की उपस्थिति में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंदिर प्रबंध समिति द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी देते हुवे उपस्थित भक्तों से सुझाव मांगे गए। बैठक में भक्तों को आसानी से दर्शन लाभ प्राप्त हो सके, दर्शनार्थियों की सुरक्षा, पेयजल की व्यवस्था, वाहन पार्किंग सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही स्थानीय भक्तों के लिए नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन प्रातः 10 बजे तक वीआईपी गेट से दर्शन की व्यवस्था की गई है। बैठक में मंदिर के मुख्य पुजारी गोपालदास पंडा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश चौहान सहित स्थानीय भक्त व पंडित उपस्थित थे।



### हिंदू समाज ने कराया मुस्लिम समाज को सामूहिक रोजा इफ्तार

## रमजान में गंगा-जमुनी तहजीब की शहर में दिखी मिसाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

पवित्र रमजान माह में नगर में आपसी भाईचारे और सौहार्द की अनूठी मिसाल देखने को मिली। पार्षद ओमप्रकाश पालीवाल के द्वारा मुस्लिम समाज के रोजेदारों के लिए सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया। इस आयोजन में दोनों समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और एक साथ बैठकर इफ्तार किया। कार्यक्रम ने नगर में सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया।रमजान के पवित्र महीने में रोजेदार सुबह से शाम तक रोजा रखकर इबादत करते हैं और सूर्यास्त के समय इफ्तार के साथ रोजा खोलते हैं। इसी परंपरा का सम्मान करते हुए मुस्लिम समाज के रोजेदारों के लिए विशेष रूप से इफ्तार की व्यवस्था की। इफ्तार में खजूर, फल, केला सहित विभिन्न व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी।जैसे ही अजान की आवाज गूंजी, रोजेदारों ने दुआ के साथ रोजा खोला और देश में अमन, शांति और भाईचारे की कामना की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि रमजान का महीना केवल इबादत का ही नहीं बल्कि इंसानियत, सेवा और भाईचारे का भी संदेश देता है। हिंदू समाज द्वारा आयोजित इस इफ्तार कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया कि अलग-अलग धर्मों के लोग मिलकर समाज में प्रेम और सद्भाव का वातावरण बना सकते हैं। मुस्लिम समाज के लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन गंगा-जमुनी संस्कृति को मजबूत करते हैं और समाज में एकता का संदेश देते हैं। वहीं हिंदू समाज के लोगों ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान करना और एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होना भारतीय संस्कृति की खूबसूरती है। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता दुर्गाप्रसाद पालीवाल कन्हैयालाल परमार,सय्यद मुशर्रफ हुसैन, अनवर खान, सय्यद नासिर अली, नितिन पालीवाल, अनोखी लाल बीजापारी, नारायण सिंह बीजापारी, रमेशचंद्र सोराट्रीय, असलम शिशगर, मकबूल मंसुरी जोरावर सिंह बीजापारी, विकास शर्मा हरगनखेड़ी सरपंच अवतार सिंह गुर्जर आदि रहे मौजूद।

### उपार्जन तैयारियों को लेकर बैठक की गई आयोजित

## उपार्जन की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा







गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में जिले के कृषकों को किसी तरह की परेशानी न आएं, सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाए। यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने शुक्रवार को रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की आगामी तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में दिये। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण, स्थापना और केन्द्रो पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिन्द ढ़ोके, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, जिला आपूर्ति अधिकारी एमएल मालवीय, उप संचालक कृषि विजय चौरसिया, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रीति चौहान, उपायुक्त सहकारिता, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक वेयरहाउसिंग, जिला प्रबंधक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज, अधीक्षक भू-अभिलेख, कृषि उपज मंडियों के सचिव, जिला प्रबंधक एनआरएलएम तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर द्वारा विगत वर्ष की गेहूं खरीदी एवं परिवहन की समीक्षा करते हुए इस वर्ष जिले में संभावित उपार्जन, रकबा एवं भंडारण व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि जिले में किसानों के पंजीयन का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उपार्जित गेहूं के भंडारण एवं परिवहन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी एवं एमपीएससीएससी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भंडारण क्षमता में कमी की स्थिति में अन्य जिलों में उपलब्ध रिक्त क्षमता की जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मंडी सचिवों को निर्देशित किया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए स्वच्छ पेयजल, बैठने हेतु छाया तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए ।

कृषक हित को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी हेतु किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च 2026 कर दी गई है। जिले के कृषक निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन अवश्य कराएं।

## खबर संक्षेप

### 6 दिन से लापता रामेश्वर के लिए परिजन परेशान

**ललितपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र से एक विचलित करने वाली खबर सामने आ रही है, जहां एक दिव्यांग किशोर पिछले 6 दिनों से लापता है। मदनपुर के ग्राम उल्दना खुर्द में एक परिवार पिछले 6 दिनों से गहरी मानसिक पीड़ा से गुजर रहा है। 16 वर्षीय रामेश्वर, जो मूक-बधिर (बोल और सुन नहीं सकता) है, 27 फरवरी को बिना बताए घर से कहीं चला गया। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन रामेश्वर का कहीं कोई पता नहीं चला। जैसे-जैसे समय बीत रहा है, परिवार की चिंता और असुरक्षा बढ़ती जा रही है क्योंकि किशोर अपनी बात किसी से कह पाने में असमर्थ है। 16 वर्षीय किशोर रामेश्वर के लापता होने के मामले में मदनपुर पुलिस ने पिता काशीराम कुशवाहा की तहरीर पर मामला दर्ज किया है।

### सुम्मेरा तालाब में डूबने से युवक की मौत

**ललितपुर।** होली के उल्लास के बीच एक घटना सामने आई है। यहां तालाब में डूबने से एक इकलौते बेटे की जान चली गई, जिससे त्यौहार की खुशियां मातम में बदल गईं। होली के दिन जहां हर घर में रंग और पकवानों की महक थी, वहीं कोतवाली सदर के नझाई बाजार निवासी संतोष सिंघई के घर पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उनका 18 वर्षीय पुत्र शुभम, जो परिवार का इकलौता बेटा था, दोस्तों के साथ होली खेलने निकला था, लेकिन वह कभी वापस नहीं लौटा। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित करते ही परिजनों की चीखों से पूरा माहौल गमगीन हो गया। बुधवार दोपहर को जब पूरा शहर रंगों में सराबोर था, शुभम अपने दोस्तों के साथ तालाबपुरा स्थित सुम्मेरा तालाब पर गया था। होली खेलते समय शुभम अनियंत्रित होकर गहरे तालाब में गिर गया। साथ मौजूद दोस्तों ने तुरंत उसे बचाने की कोशिश की और तालाब से बाहर निकालकर तत्काल मेडिकल कॉलेज ले गए। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी दलबल के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

### दुकान पर हमला दो युवक घायल

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के कालापहाड़ राजघाट में बुधवार रात उस समय सनसनी फैल गई जब दबंगों ने दुकान पर बैठे युवकों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कालापहाड़ निवासी रामनाथ सिंह यादव ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च 2026 की रात करीब 10 बजे उनके पुत्र राजा भैया और नरेंद्र दुकान पर बैठे थे। तभी गांव के ही उमाशंकर सेन और उसका साथी कल्लू सेन पुत्र हीरालाल वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित पक्ष ने विरोध किया तो आरोपियों ने कथित तौर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दोनों युवक घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### मारपीट को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम मथुराडांग में आपसी विवाद ने तूल पकड़ लिया। मारपीट की घटना में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में अलग-अलग मुकदमे दर्ज कराए हैं, जिससे मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस के अनुसार, पहले पक्ष की ओर से नेपाल सिंह पुत्र घनश्याम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 4 मार्च 2026 को करीब 2.30 बजे गांव के ही बृजकिशोर, बब्लू और समरथ ने उसके भतीजे के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। वहीं दूसरे पक्ष से बृजकिशोर पुत्र आचाराम लोधी ने भी थाना बार में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसी दिन दोपहर करीब 2 बजे गांव के लवेंद्र पुत्र पर्वत यादव ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और पत्थरों से मारपीट की।

---

## किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने बैठक ली

# मंडी, बैंक और बीमा कंपनियां निर्देशानुसार कार्य करें: डीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने किसानों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु कलैक्ट्रेट सभागार में कृषक संगठनों व सम्बंधित अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक कर दिशा निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों व बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी भी स्तर पर किसानों का उत्पीडन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे मण्डी हो, बैंक हो या बीमा कम्पनी, किसानों के प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए, यदि इसमें कहीं से भी लापरवाही या अनावश्यक विलम्ब की शिकायत आती है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पॉलिसी डाउनलोड करने का डेमो दिखाया गया, जिसके लिए किसानों को अपने मोबाइल पर गूगल ब्राउजर पर जाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की वेबसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करके लॉगइन करना होगा, फिर इसके बाद पॉलिसी ऑप्शन सिलेक्ट करके डाउनलोड फाइल पर क्लिक करके पॉलिसी डाउनलोड करनी होगी। मौके पर कई किसानों ने अपने मोबाइल पर पॉलिसी डाउनलोड करके दिखायी। जिलाधिकारी ने ईडीएम को निर्देश दिये कि सभी कॉमन सर्विस सेन्टरों पर इस प्रक्रिया को भिजवाकर उन्हें निर्देशित करें कि किसानों को पॉलिसी डाउनलोड करके उपलब्ध करा दें। इसके उपरान्त कृषकों द्वारा जिलाधिकारी को अपनी-अपनी समस्याएं बतायी गईं, जिसमें मण्डियों में किसानों की उपज का गड्ढायुक्त सड़कों पर तौल कराना व उपज की निचली परत की तौल न करना, व्यापारियों द्वारा मनमाने दाम चलाना और किसानों को नगद भुगतान न देकर उनके परिचितों की दुकानों के नाम पर्ची बनाने जैसी समस्याएं बतायी गईं। इस पर जिलाधिकारी ने एडीएम वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिये कि मण्डी अधिकारियों व व्यापारियों के साथ बैठक कर किसानों का नगद भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करायें, साथ ही यह भी आदेश जारी करें कि किसानों द्वारा लायी गई उपज का एक-एक दाना तौलकर निर्धारित मूल्य पर ही क्रय किया जाएगा, चाहे वह मात्रा कितनी भी हो। जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों से यह भी अपील की कि वे कृषि कार्यों में कॉपर की प्लेटिंग वाला सफेद तार या घटिया क्वालिटी के विद्युत तारों का प्रयोग न करें, क्योंकि विद्युत से हुई दुर्घटनाओं में इन्हीं कारणों से किसानों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना का लाभ नहीं मिल पाता है, इसलिए अपनी सुरक्षा के लिए अच्छी क्वालिटी का विद्युत तार इस्तेमाल करें। बैठक में सीडीओ शेषनाथ चौहान, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एलडीएम रंजीत कुमार, एडीएफओ, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, एआर कॉपरेटिव, मंडी सचिव सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जनपद के 36 केंद्रों पर 17 मार्च से 15 जून तक गेहूं की खरीद होगी

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के समस्त सम्मानित कृषक बंधुओं से अपील की है कि मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद में 17 मार्च से 15 जून तक गेहूँ खरीद की जाएगी। गेहूँ का समर्थन मूल्य रू0-2585 निर्धारित किया गया है, जिसके लिए जनपद में 04 क्रय एजेन्सियां के 36 क्रय केन्द्र अनुमोदित हैं। गेहँ क्रय ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया जायेगा, जिसके लिए कृषकों को अपना पंजीकरण खाद्य एवं रसद विभाग की बेवसाईट **fcs.up.gov.in** कराना होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि यदि कोई समर्थन मूल्य से कम पर किसानों की उपज खरीदता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि गेहूँ खरीद हेतु निर्धारित 36 क्रय केन्द्रों में खाद्य विभाग के 8 गेहूँ क्रय केन्द्र (विपणन शाखा रोड़ा, क्रय केन्द्र बिरधा उपमण्डी, क्रय केन्द्र महरौनी मण्डी, क्रय केन्द्र अमरपुर मण्डी, क्रय केन्द्र तालबेहट उपमण्डी, क्रय केन्द्र नवीन गल्ला मण्डी ललितपुर, क्रय केन्द्र बानपुर उपमण्डी, क्रय केन्द्र मड़ावरा उपमण्डी), पी0सी0एफ0 के 16 क्रय केन्द्र (क्रय केन्द्र अमरपुर मण्डी, क्रय केन्द्र बी-पैक्स धौरीसागर, क्रय केन्द्र जाखलौन उपमण्डी, क्रय केन्द्र बी-पैक्स जखौरा, क्रय केन्द्र बी पैक्स कैलगुवां, क्रय केन्द्र मड़ावरा उपमण्डी, क्रय केन्द्र बी-पैक्स पिपरई, क्रय केन्द्र पूराकलां उपमण्डी, क्रय केन्द्र रोड़ा एट अमरपुर मण्डी, .क्रय केन्द्र बरौदा उपमण्डी, .क्रय केन्द्र बी-पैक्स सुनौरा, .क्रय केन्द्र बी-पैक्स तालबेहट, बी-पैक्स ननौरा, क्रय केन्द्र बी-पैक्स दैलवारा, क्रय केन्द्र सौजना उपमण्डी, क्रय केन्द्र बी-पैक्स लागौन), नैफेड के 06 गेहूँ क्रय केन्द्र (क्रय केन्द्र ललितपुर मण्डी, क्रय केन्द्र थनवारा मण्डी, क्रय केन्द्र पंचौरा, क्रय केन्द्र अरा, क्रय केन्द्र ग्राम पठा, क्रय केन्द्र ग्राम गदयाना), भारतीय खाद्य निगम के 06 क्रय केन्द्र (क्रय केन्द्र अमरपुर मण्डी, क्रय केन्द्र महरौनी, नवीन गल्ला मण्डी ललितपुर, क्रय केन्द्र पी0ई0जी0 बुढ़वार, क्रय केन्द्र मड़ावरा उपमण्डी क्रय केन्द्र जखौरा उपमण्डी सम्मिलित हैं, जिन पर 17 मार्च से 15 जून तक गेहूं खरीद की जाएगी।

---

## स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण

# कुष्ठ रोगी खोजी अभियान 9 से 23 मार्च तक चलेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सीएमओ कार्यालय सभागार में आगामी कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के दृष्टिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 9 मार्च से 23 मार्च तक चलने वाले अभियान की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने अभियान के सफल संचालन के लिए माइक्रो प्लान तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर संभावित कुष्ठ रोगियों की पहचान करें और उन्हें शीघ्र उपचार उपलब्ध कराया जाए। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डा.प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि यह अभियान कुष्ठ रोग के सक्रिय मामलों की जल्द पहचान करने, समय पर इलाज शुरू करने और संक्रमण की श्रृंखला को तोडऩे के उद्देश्य से चलाया जाता है। अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ताओं द्वारा पल्स पोलियो की तर्ज पर घर-घर जाकर संदिग्ध मरीजों की जांच की जाएगी, जिससे वर्ष 2027 तक कुष्ठ मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति कुष्ठ रोग से संक्रमित पाया जाता है तो उसे बहु औषधि चिकित्सा (एमडीटी) के माध्यम से निःशुल्क उपचार प्रदान किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य विकलांगता को रोकना, समाज में जागरूकता बढ़ाना और कुष्ठ रोग के प्रसार को शून्य स्तर तक लाना है। साथ ही चिन्हित मरीजों को स्व-देखभाल किट, सहायक उपकरण और आवश्यक होने पर रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला कुष्ठ अधिकारी डा.सौरभ सक्सेना ने कुष्ठ रोग के लक्षण, पहचान और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न ब्लॉकों से आए चिकित्सक, बीपीएम, बीसीपीएम, कुष्ठ कार्य से जुड़े कर्मचारी, एनएमए बालकिशन सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## नेमवि में 11 मार्च को रोजगार मेला लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर आने वाला है। 11 मार्च 2026 को नेहरू महाविद्यालय में सुबह 10 बजे से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

इस मेले में देश और प्रदेश की लगभग 40 प्रतिष्ठित कंपनियों के शामिल होने की संभावना है, जो विभिन्न पदों पर भर्ती करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा तथा बीटेक सहित तकनीकी और गैर-तकनीकी योग्यताओं वाले अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में शामिल होने के लिए पहले रोजगार संगम पोर्टल पर जॉब सीकर के रूप में अपना पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद अभ्यर्थियों को इच्छित कंपनी में ऑनलाइन आवेदन भी करना अनिवार्य होगा। जिला सेवायोजन कार्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि उनके माध्यम से आयोजित रोजगार मेलों में कंपनियों की चयन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क होती है। किसी भी अभ्यर्थी से नौकरी दिलाने के नाम पर किसी प्रकार का शुल्क या सिक्योरिटी डिपॉजिट नहीं लिया जाता है। यदि किसी अभ्यर्थी से फर्जी ई-मेल, एसएमएस या फोन कॉल के माध्यम से पैसे की मांग की जाती है तो उस पर विश्वास न करें और न ही ऑनलाइन या ऑफलाइन कोई राशि जमा करें। ऐसी किसी भी संदिग्ध स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय ललितपुर से संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं से इस रोजगार मेले में भाग लेकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की।

## न झुके हैं न झुकेंगे, वापसी पर ऋतिक की ट्रेड डील के खिलाफ हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ऋतिक शुक्ला मोंटी को दिल्ली ए.आई. समिट मामले में बड़ी राहत मिली है। इस घटनाक्रम को अलग-अलग दृष्टिकोण से यहां प्रस्तुत किया गया है। दिल्ली पुलिस की 9 दिन की पूछताछ और हिरासत के बाद ऋतिक शुक्ला उर्फ मोंटीललितपुर लौटे।

रेलवे स्टेशन पर समर्थकों के हुजूम ने उनका जोरदार स्वागत किया। घर वापसी के साथ ही मोंटी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका-भारत ट्रेड डील भारत विरोधी है और युवा कांग्रेस इस समझौते के रद्द होने तक अपना संघर्ष जारी रखेगी। ललितपुर पहुँचते ही युवा नेता ऋतिक शुक्ला ने केन्द्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री द्वारा की गई ट्रेड डील देश के युवाओं और किसानों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह भारत के युवाओं और किसानों का भविष्य किसी विदेशी ताकत (अमेरिका) के नियंत्रण में नहीं जाने देंगे। उनके अनुसार, सरकार चाहे जितने भी मुकदमे दर्ज कर ले, वह प्रताडऩा से डरकर पीछे नहीं हटेंगे। ऋतिक शुक्ला के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में समर्थक स्टेशन पहुँचे। इस दौरान यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव, रामप्रताप, रोमन खान, साहिल अली, गोलू मालिक, दानिश खान, शुभम शुक्ला, शाकिब अली और अयान खान जैसे कई अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। 20 फरवरी को हिरासत में लिए जाने के बाद से ही समर्थकों में रोष था, जो अब जीत के उत्साह में बदल गया है।

---

## दहेज को लेकर बहू से मारपीट, 4 पर मुकदमा

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम करमू में दहेज उत्पीडऩ का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित चार ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम करमू निवासी नेहा नायक ने शिकायत दर्ज कराई कि वर्ष 2019 में उनकी शादी गौरव नायक से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उन्हें लगातार प्रताड़ित करता रहा और ताने देता था। पीड़िता का आरोप है कि 1 मार्च 2026 की शाम करीब 6 बजे पति गौरव नायक, सास सीमा नायक, देवर सौरभ नायक और ससुर जगदीश नायक ने मिलकर उनके साथ मारपीट की, लात-घूंसों और डंडों से पीटा तथा उनके जेवरात छीन लिए। इसके बाद उन्हें घर से बाहर निकाल दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने बताया कि उसने 1090 पर कॉल कर मदद मांगी और बाद में पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। मेडिकल परीक्षण के बाद थाना बार में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### डेढ़ लाख मांगने पर युवक से मारपीट

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम इमलिया में पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट और जातिसूचक गालियां देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम इमलिया निवासी मनसुख पुत्र आनंदी अहिरवार ने थाना बार में दी गई तहरीर में बताया कि उसने गांव के ही सोनू पाठक और सुजीत पाठक को भूमि पट्टे के लिए लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये दिए थे। काफी समय बीतने के बाद जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसा देने से इनकार कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि 4 मार्च की सुबह करीब 7.30 बजे वह गांव में स्थित रामजानकी मंदिर के पास पहुंचा और आरोपियों से पैसे की मांग की। इसी बात पर सोनू पाठक, सुजीत पाठक, अमित पाठक, विवेक पाठक और ललित पाठक ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

## 7 दिवसीय भर्ती कैंप 10 से मार्च से

**ललितपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने अवगत कराया है कि भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन तथा जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से नीमच की एक कम्पनी द्वारा जनपद के ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा सैनिक के पदों पर भर्ती हेतु 7 दिवसीय भर्ती कैपों का आयोजन 10 से 18 मार्च 2026 तक किया जा रहा है, जिसके तहत 10 मार्च को विकास खण्ड मडावरा मे, 12 मार्च को विकास खण्ड महरौनी मे, 13 मार्च को विकास खण्ड बार मे, 14 मार्च को विकास खण्ड बिरधा मे, 16 मार्च को विकास खण्ड जखौरा मे, 17 मार्च को विकास खण्ड तालबेहट मे तथा 18 मार्च को जनपद ललितपुर में सुबह 10:30 बजे से शाम 3:00 बजे तक भर्ती शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में चयनित युवाओं को नीमच में 01 माह के प्रशिक्षण उपरान्त विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी दी जायेगी। इच्छुक उम्मीदवार जिनकी योग्यता 10वीं पास या फेल, उम्र 19 से 40 वर्ष, ऊँचाई 168 से.मी. से ऊपर, वजन 50 किलो से 90 किलो के बीच हो, वे उक्त स्थानो में 10वीं की अंकसूची की फोटो कापी, दो फोटो, आधारकार्ड एवं चयनित उम्मीदवार प्रोस्पेक्ट फार्म फीस 350/- रूपये ऑनलाईन क्यू आर कोड से जमा होगी।

## घर के बाहर युवक पर लाठी-डंडों से हमला

**ललितपुर।** शहर के नेहरू नगर क्षेत्र में घर के बाहर काम कर रहे एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नेहरू नगर निवासी प्रज्वल साहू पुत्र संतोष कुमार साहू ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 5 मार्च को दोपहर करीब 1 बजे वह अपने घर के बाहर काम कर रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले के ही नब्बू, रूपव और धर्मेन्द्र पुत्रगण रामलखन एकराय होकर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे प्रज्वल साहू को चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे वह भयभीत है। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नशे में घर में घुसकर हमला पति-पत्नी व बहू घायल

ललितपुर। थाना पाली क्षेत्र के ग्राम निवउवा में शराब के नशे में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम निवउवा निवासी दयाली पुत्र लटोरे अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3 मार्च 2026 की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर पर थे। तभी गांव बरौदा विजलौन (थाना जालौन) निवासी देवेंद्र पुत्र लटोरे अहिरवार शराब पीकर उनके घर के पास आया और गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी कुछ देर बाद वापस लौटा और डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में दयाली, उनकी पत्नी फुला देवी और बहू सुनीता घायल हो गईं। आरोप है कि घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। थाना पाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

---

## मुख्यमंत्री कार्यक्रम का आयोजन

# बायोमैट्रिक हाजिरी के बाद जयमाला होगी, 12 को सामूहिक विवाह

**ललितपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरुरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिलाओं के सामूहिक विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाली शादियों की तिथि तय कर दी गयी है। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 12 मार्च 2026 को गिन्नौट बाग परिसर, सदनशाह के पास में होना तय हुआ है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब बायोमैट्रिक हाजिरी के बाद ही वर-बधू एक दूसरे को जयमाला पहनाएंगे। योजनान्तर्गत सत्यापन उपरान्त पात्र जोडों को प्रथम आवक, प्रथम पावक सिद्धान्त के आधार पर विकास खण्ड एवं नगर निकायों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। जयमाला से पहले बायोमैट्रिक हाजिरी और फेस आई.डी. के जरिए सत्यापन अनिवार्य रुप से किया जाएगा। जिसके लिये वर वधू की दो-दो पासपोर्ट साइज फोटो (जो ऑनलाइन आवेदन में संलग्न की गयी है) एवं ओरिजनल अपडेटिड आधार कार्ड मिलान हेतु कार्यक्रम स्थल पर लाना अनिवार्य है।

## बुंदेलखड विकास सेना का 35वां होली मिलन समारोह धूमधाम से मना

# राघव लोककला सोसाइटी, हास्य कलाकार की प्रस्तुतियों ने समां बांधा

- घंटो फाग, गुलाल, डांस और मस्ती का दौर चला, संगीत की धुन पर थिरके लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





बुंदेलखंड विकास सेना तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय संस्कृति भाईचारा , उत्साह उमंग और बुन्देली लोक संस्कृति को संजोने वाला 35 वां रंगारंग कार्यक्रम स्थानीय कम्पनी बाग में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन ने लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए बु. वि. सेना के इस पारम्परिक कार्यक्रम की मुक्तकंठ से प्रशन्सा की । सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि बु. वि. सेना द्वारा अनेक वर्षों से आयोजित करने वाले ऐसे कार्यक्रम हमारी बुन्देली संस्कृति को प्रोत्साहित करते रहते है। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन ने कहा कि ललितपुर में बु.वि. सेना का मनाया जाने वाला आयोजन पूरे बुन्देलखण्ड में अभूतपूर्व है । उन्होंने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन लोगों में प्रेम और सद्भाव बढ़ाते हैं । उक्त अवसर पर लोक संस्कृति से ओत-प्रोत राघव ज्ञलोक कला सोसाइटी नृत्य मंडली ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया । इसके अलावा सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार विक्की मंचला ने अपने डांस प्रस्तुतियों से लोगों को हंसा हंसाकर लोटपोट कर दिया। इस मौके पर फ्रेन्ड्स ऑकेस्टा के कलाकारों में अभिमन्यु तोमर, संदेश परिहार, अरमान कुरैशी तथा बांसुरी वादक प्रमोद मुड़ेले ने सुमधुर, मस्ती और तरंग के गीतों के माध्यम से जमकर तालियां बटोरी । इस दौरान बुन्देली फाग , अबीर , गुलाल , डांस मस्ती के माध्यम लोगों ने थिरकते हुए जमकर लुत्फ उठाया । तत्पश्चात बुन्देली पारम्परिक पकवान और लजीज भोजन ने लोगों को चटखारे लेने मजबूर कर दिया। इस दौरान लकी ड्रा के माध्यम से जनता को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर शहर गणमान्य नागरिकों में भाजपा पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौबे, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, जगदीश लोधी,शशि राजा, अनिल अंचल, मनमोहन जड़िया, राजेश यादव, शरद खैरा, विलास पटैरिया, उदित रावत, प्रदीप गुप्ता, संतोष चौबे, विजयकुमार पाली, वी के सरदार, डॉ रामगोपाल साहू, महेन्द्र अग्निहोत्री, सिद्धार्थ शर्मा, डॉ आलोक जैन सिद्धि, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, सुधेश नायक, राजीव पटवारी, डॉ सौरभ देवलिया, डॉ सौरभ साहू, सन्मति सर्राफ ,डॉ राजेन्द्र श्रीवास्तव, इंजी हाकिम सिंह , डॉ एस पी पाठक, डॉ मनवीर सिंह तोमर, डॉ आकाश खैरा, अजय श्रीवास्तव , अनुराग अमर, अमर विश्वकर्मा घुटारी, अमान साहू, नरेन्द्र कडंकी, रमेश पाठक रवींद्र, अमित सोनी पत्रकार, सुनील शर्मा पत्रकार, बृज बिहारी उपाध्यायओमप्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन संज्ञा ने किया तथा आभार बु. वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने व्यक्त किया । सदर विधायक राम रतन कुशवाहा ने बुंदेलखंड विकास सेवा की कार्यक्रमों की दो तारीख की मगर अलग बुंदेलखंड प्रांत पर किसी भी तरह की चर्चा से दूर रहे उन्होंने बुंदेलखंड विकास सेवा के प्रमुख हरीश कपूर टीटू की व्यक्तिगत तारीफ की।

## विप्र सेना जिला सीहोर के सचिव बने अभिषेक शर्मा

**जावर।** विप्र सेना राष्ट्रीय प्रमुख सुनील तिवाड़ी,विप्र सेना प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश पंडित रोहित नागर,विप्र सेना प्रदेश प्रभारी सुनील शर्मा की अनुशंसा पर विप्र सेना जिला सचिव सीहोर अभिषेक शर्मा को बनाया गया वही संगठन के सभी पद अधिकारियों ने बताया कि निश्चित ही अभिषेक शर्मा की नियुक्ति से समाज और संगठन प्रगति करेगा। वही पंडित अभिषेक बालाजी ने सभी का आभार व्यक्त किया ओर बताया कि जिस प्रकार शीर्ष नेतृत्व ने मुझ पर विश्वास किया में उनके विश्वास पर शत प्रतिशत खरा उतरूंगा। ब्राह्मण समाज की एकता अखंडता के लिए कार्य करता रहूंगा और संगठन का तेजी से विस्तार सीहोर जिले में हो इस लिए निरंतर में कार्य करूंगा।

### वात्सल्य रत्नाकर मुनिराज ने द्रव्य संग्रह ग्रंथ पर धर्मसभा में दिए आशीष वचन

# कुछ पल का गुस्सा सब कुछ बर्बाद कर देता अपने गुस्से पर कंट्रोल करें: विश्वसूर्य सागर

### नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, में आयोजित हो रहे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नेमिनगर में आयोजित धर्मसभा में वात्सल्य रत्नाकर विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने द्रव्य संग्रह ग्रंथ पर आशीर्वचन देते हुए कहा कि प्रकृति का दूसरा नाम स्वभाव है। कुंभकार अपनी मिट्टी से अपनी कला के अनुसार अनेक रुप व प्रकार से घडा ,दीपक आदि बना देता है।उसी प्रकार आत्मा आपके कर्मो के अनुसार फल भोगती है। जैन दर्शन आत्मा को परमात्मा बनाती है। अच्छे कार्यों में अपना मन लगाएं।कर्मों का फल सभी को भोगना पड़ता है। गुस्सा अर्थात आक्रोश कुछ पल के लिए आता है लेकिन सब कुछ बर्बाद कर देता है।इसलिए अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। प्रयास यही करें कि गुस्सा नहीं आए।

जिसका अस्तित्व है वह सत्य है, जिस प्रकार हर दूध का अलग प्रभाव है ,उसी प्रकार हर कर्म का अलग प्रभाव है। घातिया कर्म भी अलग -अलग होते हैं। चार प्रकार के कर्म बताये हैं ,चारों का प्रभाव भी अलग -अलग है। तीर्थंकर भगवान की दिव्य वाणी का श्रवण तभी सार्थक है, जब व्यक्ति अपने विचारों और प्रवृत्तियों में परिवर्तन लाए।उन्होंने आचार्य नेमीचंद सिद्धांत स्वामी द्वारा रचित द्रव्य संग्रह की गाथाओं का श्रवण कराते हुए कहा कि बिना ज्ञान के कोई भी क्रिया संभव नहीं है।उन्होंने पांच पापों के त्याग को आवश्यक बताते हुए कहा कि केवल प्रतिमाएं धारण कर लेने से धर्म पूर्ण नहीं होता। यदि छल, कपट, झूठ और हिंसा जैसी प्रवृत्तियां नहीं छूट रहीं, तो आत्मशुद्धि संभव नहीं। व्रत रत्न के समान हैं, इसलिए इन्हें रत्नात्रय कहां गया है। मुनिराज ने कहा कि जैसे किसान अपनी फसल की रक्षा करता है, वैसे ही प्रतिमाधारी को अपने व्रतों की रक्षा करनी चाहिए।मनुष्य संसार में भटक रहा है क्योंकि वह अपने भावों को नहीं बदल रहा।यदि संसार से मुक्त होने की भावना है तो राग-द्वेष रूपी विकारों को रोकना होगा।मुनिराज ने कहा कि आत्मा में मोह के द्वार खुलना ही आश्रव है और इन प्रवृत्तियों को रोकना ही संवर है। आश्रव कोई व्यक्ति या वस्तु नहीं, बल्कि हमारे भीतर के विकारी भाव हैं।जब आत्मा रूपी नाव में राग-द्वेष प्रवेश करते हैं, तब वह संसार रूपी सागर में डूबती है। इसे रोकना ही आत्म कल्याण का मार्ग है। बच्चों को संस्कारवान बनाना आवश्यक है। मुनिश्री ने कहा कि बच्चों को बाल्यकाल में ही संस्कार देना चाहिए ताकि वह बड़े होकर प्राप्त संस्कारों का पालन करें। उन्होंने कहा कि गुप्ती तीन प्रकार की होती है जिसे मन, वचन और काया कहते है।

मंदिर में कभी भी गलत भाव अपने मन में नहीं लाना चाहिए और मन, वचन और काया को निर्मल रखना चाहिए।उन्होंने कहा कि धर्म एक ही है, उसे समझाने के अनेक तरीके हो सकते हैं। वस्तु का स्वभाव ही धर्म है। क्रोधी व्यक्ति धर्म को नहीं समझ सकता, जबकि क्षमाशील व्यक्ति धर्म को आत्मसात कर सकता है। अहंकार त्यागकर सहज बनने से ही धर्म का बोध होता है। दस धर्म उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य,संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य, ब्रह्मचर्य आत्मा को उसके स्वभाव में लाने का मार्ग बताते हैं।बारह भावनाएं मन की मलिनता को दूर कर आत्मकल्याण की प्रेरणा देती हैं।उन्होंने 22 परिश्रय का उल्लेख करते हुए कहा कि बिना परिश्रय सहन किए परमात्मा पद की प्राप्ति संभव नहीं। जैसे मिट्टी को घड़ा बनने के लिए कुंभकार के पैरों से रौंदकर फिर घढ़ा और तपाया जाता है, वैसे ही आत्मा को भी पुरुषार्थ और सहनशीलता से तपना पड़ता है।मुनिराज ने कहा कि आत्मा में अनंत शक्ति निहित है। जो आत्मा को परमात्मा बनाना चाहता है, उसे परिश्रय सहन करना सीखना होगा।

शरीर की नहीं, आत्मा की चिंता करें,तभी जीवन का वास्तविक लक्ष्य प्राप्त होगा। प्रतिमाएँ तो सात ले ली, लेकिन आपकी मायाचारी, छलकपट झूठ बोलना नहीं छूट रहा है,हिंसा के कार्य कर रहे हैं।अपने पापों से बचने के लिए यह पाप प्रवृत्ति नहीं छूट रही है। जो प्रतिमाएं ली है, उनकी सुरक्षा-रक्षा करना भी जरूरी है। वस्तु का स्वभाव ही धर्म है। क्रोध करने वालों को धर्म समझ में नहीं आएगा,क्षमा रखने वाले को धर्म समझ में आएगा। अहंकार छोड़ो सहज बनोगे तो धर्म समझ में आएगा। पानी का स्वभाव शीतलता है, पानी अपना स्वभाव छोड़ता है तब शीतलता समाप्त होती है। स्वभाव में आने का नाम संवर है।

# विश्वविद्यालय में विकसित भारत युवा संसद 10 को

### श्री सत्य सॉई विश्वविद्यालय में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





भारतीय युवा शक्ति को राष्ट्रीय राजनीति, नीति निर्माण ओर नेतृत्व क्षमता की झलक देने वाला विकसित भारत युवा संसद 2026 का भव्य जिलास्तरीय कार्यक्रम अगामी 10 मार्च 2026 को सीहोर जिले के श्री सत्य सॉई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में युवा कार्यक्रम एवं खेलमंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित माय भारत के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। इसका उदेश्य जिले के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभाशाली युवाओं को लोकतांत्रिक शासन, नीति विमर्श तथा सामाजिक परिवर्तन की दिशा एवं राष्ट्रीय मुददों से जोड़कर 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी के लिए मंच उपलब्ध कराना है।इस युवा संसद में सीहोर जिले के कॉलेज, विश्वविद्यालय तथा युवा संगठन के प्रतिनिधि जिनकी उम्र 18 से 25 वर्ष के मध्य है वो भाग ले सकते है।

आयोजित हुए कार्यक्रम का विषय आपतकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक रखा गया है जिसमे युवा अपने विचारों से सभी को अवगत करायेगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय और राज्य के गणमान्य अतिथि, समाजसेवी एवं नीति विशेषज्ञ भी उपस्थित रहेगें।श्री सत्य सॉई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ मुकेश तिवारी ने इस कार्यक्रम को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताते हुए यह संदेश दिया कि इस कार्यक्रम से जिले के युवाओं को आगे बढने एवं देश के लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के सुझाव दे पाने का अवसर मिलेगा जो कि वर्तमान परिपेक्ष में आवश्यक है, इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ गार्गी सिंह ने कहा कि यह आयोजन युवाओं को विचारों का आदान-प्रदान, नेतृत्व कौशल विकास तथा लोकतंत्र की मूल भावना को समझने का प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा।

उन्होने बताया कि प्रतिभागियों के लिए प्रमाणपत्र तथा भविष्य की योजनाओं से जुड़ने के अवसर भी उपलब्ध होगे।इस कार्यकम भाग लेने या अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए mybharat.gov.in पर जा सकते है अथवा प्रतिभागिता के डायरेक्ट लिंक हेतु मायभारत सीहोर के सोशल मीडिया हैडल व श्री सत्य सॉई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के सोशल मीडिया से प्राप्त कर सकते हैं।

# बैठक में निर्विरोध चयन, राजकुमार बने नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के लक्ष्मी दाल मिल परिसर में 05 मार्च को साहू समाज की एक महत्वपूर्ण एवं गरिमामयी बैठक आयोजित की गई। समाज की एकता और संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में वरिष्ठजनों और समाजबंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति में राजकुमार मांगीलाल साहू को सर्वसम्मति से साहू समाज का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। समाज के प्रमुखजनों की उपस्थिति बैठक में समाज के वरिष्ठ स्तंभों, पदाधिकारियों और उत्साही कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिति रही, जिनमें मुख्य रूप से पारस साहू, पूर्व अध्यक्ष कमलेश जी साहू, शैलेंद्र साहू, भारत साहू, मनोहर साहू, राहुल साहू, मुकेश साहू, जितेंद्र साहू, सतीश साहू, हरिओम साहू, प्रहलाद जी साहू, शैलेश साहू, राम साहू, श्याम साहू, दिनेश साहू, अनिल साहू, बाबूलाल साहू, अशोक साहू, आरुष साहू, इंजीनियर जगमोहन, जयप्रकाश साहू, सुरेश साहू एवं रमेश साहू सहित अनेक समाजबंधु शामिल हुए। सभी ने नवनियुक्त अध्यक्ष का पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। वनिर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार मांगीलाल साहू ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि यह उनके लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है क्योंकि उनके पूज्य पिता स्व. मांगीलाल साहू ने भी इसी पद पर रहकर निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा की थी। उन्होंने संकल्प लिया कि वे अपने पिता के आदर्शों, संस्कारों और समाजसेवा की भावना से प्रेरणा लेकर इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। पूर्व अध्यक्ष के कार्यकाल की प्रशंसा समाज के सदस्यों द्वारा पूर्व अध्यक्ष श्री कमलेश जी साहू के सफल एवं सराहनीय कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। समाज के प्रति उनके महत्वपूर्ण योगदान, अटूट समर्पण और कुशल नेतृत्व के लिए सभी ने हृदय से आभार व्यक्त किया। आगामी कार्ययोजना भव्य होगी।

# कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं का समापन, परीक्षा दे कर लौटे विद्यार्थियों के चेहरे पर दिखी राहत की खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं का समापन 6 मार्च को हिंदी के पेपर के साथ हुआ। दोपहर 12 बजे परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षा केंद्रों के बाहर छात्रों के चेहरों पर राहत नज़र आयी। अधिकांश छात्रों ने पेपर को मध्यम स्तर का बताया।

पीडब्ल्यू एमपी बोर्ड वाला के हिंदी शिक्षक उमेश परमार, जिन्हें छात्र प्यार से शीनू भैया कहते हैं, परीक्षा के बाद आष्टा के एक परीक्षा केंद्र पर छात्रों से मिलने पहुँचे। उन्होंने कहा, छात्रों ने इस साल बहुत मेहनत की है। यह देखकर खुशी होती है कि उनकी बोर्ड परीक्षाएं अच्छे अनुभव के साथ समाप्त हुईं। अपनी तरफ से शिक्षक भी उतनी ही मेहनत करते हैं। आज भी सुबह 4:30 बजे मैंने ऑनलाइन रिविज़न सेशन लिया। पिछले कुछ दिनों में मैराथन क्लासेज भी लीं और महत्वपूर्ण प्रश्नों को दोहराया।

हिंदी के पेपर में जिन छात्रों ने साहित्य को ध्यान से पढ़ा और पिछले कुछ दिनों में अच्छे से रिविज़न किया, उन्हें प्रश्न आसान लगे होंगे। परीक्षा केंद्र के बाहर शिक्षक शीनू भैया से मिलने रुके एक छात्र ने कहा, हमने काफी मेहनत की थी। शीनू भैया की क्लासेस से बहुत मदद मिली। जो पढ़ाया था, वही आया। उन्होंने जो अतिरिक्त प्रश्न करवाए थे, उनमें से कुछ के पेपर में भी दिखाई दिए। परीक्षा समाप्त होने के साथ ही अब छात्र परिणाम की प्रतीक्षा करेंगे और अगली शैक्षणिक यात्रा की तैयारी शुरू करेंगे।

## पकी फसल को आगजनी से बचाने के लिए किसान बंधु सावधानी रखें: तहसीलदार



**जावर।** रबी की फसल पक चुकी है एवं कटाई का दौर चल रहा है। विद्युत स्पार्क या नरवाई जलाने के दौरान खेतों में रखी फसल जलने का खतरा देखा जाता है। इस मौसम में फसल जलने की घटनाएं प्रकाश में आती रहती है। छोटी छोटी सावधानियां रखकर फसल बचाई जा सकती है। ओमप्रकाश चोरमा तहसीलदार जावर द्वारा किसानों से अपील की है, कि वे अपनी फसल की सुरक्षा के लिए सावधानियां रखें। खेत में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर के आसपास की घास इत्यादि को काट कर इस तरह साफ कर दें कि स्पार्किंग से आग न फैले। ट्रांसफार्मर और ढीले तारों के नीचे से सबसे पहले फसल काटें उस जगह को बखर दें। प्रायः सिंचाई के लिए बिजली के पोल से मोटर तक जाने वाले तार जमीन पर बिछाए जाते है, इसमें स्पार्किंग से आग लगने की घटनाएं बहुत होती है। इसलिए जमीन पर बिछाए गए तारों को किसान बंधु हटा दें। फसल के पास बीड़ी-सिगरेट न पीएं और ना ही किसी को पीने दें। राहगीर भी बीड़ी, सिगरेट या अन्य सामग्री के जलते हुए टुकड़े न फेंकें। फसल के खलिहान को रिहाइशी इलाके या बिजली के खंभों से कम से कम 10 मीटर की दूरी पर बनाएं। किसान बंधु नरवाई ना जलाएं। नरवाई जलाने से आसपास के खेतों में रखी फसल के जलने का खतरा बहुत होता है। यदि आग लगे, तो उसे फैलने से रोकने के लिए ट्रैक्टर से उसके चारों ओर की एक पट्टी की जुताई कर दें और तत्काल फायर ब्रिगेड से आग बुझाने के लिए सूचना दें। किसान बंधु छोटी छोटी सावधानी रखकर अपनी कड़ी मेहनत से तैयार की गई फसल को आगजनी की घटनाओं से बचा सकते।

# साहू समाज मनाएगा मां कर्मा देवी का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



साहू समाज द्वारा भक्ति शिरोमणि मां कर्मा देवी का जन्मोत्सव 15 मार्च, रविवार को श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य चल समारोह निकाला जाएगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जगदीश मंदिर पहुंचेगा, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में साहू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के अध्यक्ष जितेंद्र साहू एवं महिला मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी साहू की अध्यक्षता में आयोजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से चल समारोह के अध्यक्ष के रूप में धनराज साहू को नियुक्त किया। वहीं महिला मंडल चल समारोह अध्यक्ष की जिम्मेदारी संदीपा साहू को सौंपी गई। सभी समाजजनों ने नव-निर्वाचित अध्यक्षों को बधाई दी और आयोजन को भव्य बनाने का संकल्प लिया। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम को अनुशासित और भव्य रूप से संपन्न कराने का सुझाव दिया। साथ ही समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर मां कर्मा देवी जन्मोत्सव को सफल बनाने की अपील की गई।

# पेड़ लगाना पर्यावरण की सबसे बड़ी सेवा: मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



संकल्प पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य की पूर्ति करते हुए हमारे प्रदेश के गौरव पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्र सरकार में कृषि कल्याण मंत्री शिवराजसिंह चौहान के जन्मदिन पर संपूर्ण प्रदेश सहित नगर में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया। जिस तरह जल हमारे जीवन में बहुउपयोगी है, उसी प्रकार पेड़-पौधों की महत्ता भी है, क्योंकि यह हमें प्राणवायु प्रदान करते है।

इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कृषि उपज मंडी के सामने स्थित पार्क परिसर में पौधारोपण करते हुए व्यक्त किए। ज्ञात रहे कि 5 मार्च को प्रदेश के मामा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का जन्मदिन रहता है और वह अपना जन्मदिन बिना केक, फ्लेक्स, पोस्टर को दरकिनार कर पर्यावरण को उपहार स्वरूप पौधारोपण कर मनाते है। इसी के चलते आज जहां कृषि उपज मंडी के सामने स्थित पार्क में पौधरोपण किया गया, वहीं नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में ऋषभ विहार कॉलोनी में स्थित पार्क में भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रदेश के गौरव शिवराजसिंह चौहान को जन्मदिन की बधाई दी। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का मानना है कि जीवन का हर क्षण केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के लिए होना चाहिए। जीवन तभी सार्थक है, जब वह सेवा और सद्भाव के लिए जिया जाए। पेड़ लगाना पर्यावरण की सबसे बड़ी सेवा है, इसलिए आप सभी नगरवासियों से पेड़ कम से कम एक पौधा लगाने की अपील है।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, वरिष्ठ समाजसेवी शेषनारायण मुकाती, पूर्व पार्षद रवि सोनी, वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, कुशलपाल लाला, प्रहलाद वर्मा, मनोहर विश्वकर्मा, मनोहर रेकवाल, कैलाश बागवान सहित स्कूली बच्चे मौजूद थे।

### राधा कृष्ण मंदिर में विश्वकर्मा समाज ने मनाया फाग उत्सव

# फूलों और रंग, गुलाल से होली काआंनद लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विश्वकर्मा समाज जनों ने श्री विश्वकर्मा राधा कृष्ण मंदिर आष्टा पर भव्य फाग उत्सव का आयोजन रखा फाग उत्सव में उपस्थित सभी समाज जनो ने नाचते झूमते हुए फूलों और रंग, गुलाल से होली का आंनद लिया। सभी ने एक दूसरे को रंग, गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं प्रेषित कि। इस अवसर पर मनोहर विश्वकर्मा, प्रदेश अध्यक विश्वकर्मा सुतार महासभा मध्य प्रदेश औश्र प्रसिद्ध भजन गायक राम श्री वादी ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। फाग उत्सव में समाज के कई प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे, इनमें से समाज अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा,उत्सव समिति अध्यक्ष मेहरवान सिंह विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्वकर्मा, श्री विश्वकर्मा सुतार महासभा म प्र के प्रदेश महामंत्री वेदप्रकाश पिपलोदिया, विष्णु जी विश्वकर्मा, प्रदेश मंत्री कृष्णपाल विश्वकर्मा, श्याम सिलोदिया मानस मंडल अध्यक्ष शिवजी वादी, राधेश्याम पटेल अरनिया दाऊद, उपाध्यक्ष सुनील जी सेकेट्री, युवा संगठन अध्यक्ष रवि विश्वकर्मा, न्यूज़ प्रभारी रवि विश्वकर्मा आष्टा आदि कई समाजजन उपस्थित रहे।

# त्योहारों को लेकर एसपी ने अनुभाग का निरीक्षण किया, निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के आष्टा अनुभाग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना आष्टा, थाना पार्वती, थाना सिद्दीकगंज व थाना जावर क्षेत्र का भ्रमण कर अनुभाग के सभी थाना प्रभारी को आगामी रंग पंचमी के जुलूस तथा गैर आदि के चल समारोह में आयोजकों से हुई। चर्चा के अनुसार, जुलूस मार्ग में आवश्यक बल लगाए जाने तथा मार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से रखने तथा जुलूस की निगरानी और फोटोग्राफी ड्रोन कैमरा के जरिए कराए जाने तथा हाई राइज बिल्डिंग पर भी बल लगाए जाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अन्य आगामी त्यौहारों शीतला सप्तमी पर माता मंदिरों पर उचित पुलिस व्यवस्था लगाई जाने तथा आगामी ईद के मौके पर ईदगाह तथा अन्य मस्जिदों पर आवश्यक बल लगाए जाने तथा सभी कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी कराए जाने के भी निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक के भ्रमण के दौरान एसडीओपी आष्टा दामोदर गुप्ता तथा अनुभाग के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।